## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** त्रिस्तरीय चुनाव को देखते हुए जिला पुलिस ने जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को सिरसिया पुलिस ने विश्राम निवासी चिड़ीमार पुरवा को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला पंजीकृत किया है। वहीं इस दौरान जिला पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में 13 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। जिन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। (संवाद)

## 124 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कोई भी परिवहन नियमों का उल्लंघन न करे। इसके लिए पुलिस ने जिले में कई स्थानों पर चेक पोस्ट बनाकर जांच कर रही है। गुरुवार को पुलिस ने 215 वाहनों की जांच की। इस दौरान 124 वाहनों का ई-चालान किया। इसके अलावा 1,74,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)